**विषय-हिंदी**

**कक्षा- छठी**

**अधिन्यास-पत्र**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

भारत देश के विभिन्न राज्यों की अपनी-अपनी भाषाएँ हैं, परंतु समस्त देश की राष्ट्रभाषा हिंदी है । इसे यहाँ की अधिकांश जनता समझती है । देश के विभिन्न प्रांतों की संस्कृति भी भिन्न-भिन्न है । इन सबको मिलाकर समस्त देश की एक सामाजिक संस्कृति भी है, जिसे हम 'भारतीय संस्कृति' कह सकते हैं । प्रत्येक प्रांत की विविध सामाजिक परंपराएँ, लोकनृत्य एवं लोकगीत हैं । इनमें पूर्वोत्तर प्रदेशों के बाँस-नृत्य, ब्रज की रासलीला, केरल का कथकली, पंजाब का भांगड़ा और गिद्दा, गुजरात का गरबा तथा असम का बिहू उल्लेखनीय हैं । भारत में अनेक धर्मों के अनुयायी निवास करते हैं । हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, पारसी आदि धर्मों के लोग प्रेमपूर्वक साथ-साथ रहते हैं । भारतीय संविधान के अनुसार सभी धर्मावलंबियों को अपनी उपासना पद्धति के अनुसार पूजा उपासना करने की पूर्ण स्वतंत्रता है । भारतीय 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना में विश्वास करते हैं । भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है, जिसके कारण हम विश्व को सर्वप्रथम ज्ञान दे पाए तथा जगद्गुरु कहलाए ।

**(i) भारत की अधिकांश जनता कौन-सी भाषा समझती है?**

(क)अंग्रेजी (ख)हिंदी (ग)मराठी (घ)उर्दू

**(ii) भारतीय संस्कृति कैसी है ?**

(क)नवीनतम (ख)प्राचीनतम (ग)मध्यकालीन (घ) मिश्रित

**(iii) कथकली कहाँ का नृत्य है ?**

(क)केरल (ख)तमिलनाडु (ग)असम (घ)ब्रज

**(iv) 'स्वतंत्रता' शब्द का व्याकरणिक परिचय क्या है ?**

(क)जातिवाचक संज्ञा (ख)सर्वनाम (ग)व्यकितवाचक संज्ञा (घ)विशेषण

**(v) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुकत शीर्षक क्या हो सकता है _**



LIVEWORKSHEETS

(क)एकता (ख)अनेकता (ग)अभिन्नता (घ)एकता में अनेकता

**2. निम्नलिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए।**

| <u>शब्द</u> | <u>भाववाचक संज्ञा</u> | <u>शब्द</u> | <u>भाववाचक संज्ञा</u> | <u>शब्द</u> | <u>भाववाचक संज्ञा</u> |
|---|---|---|---|---|---|
| पढ़ना | ---------------- | देव | ---------------- | मित्र | ---------------- |
| पराया | ---------------- | स्वस्थ | ---------------- | हरा | ---------------- |
| अच्छा | ---------------- | चोर | ---------------- | भूखा | ---------------- |
| हारना | ---------------- | पुरुष | ---------------- | दौड़ना | ---------------- |
| आलसी | ---------------- | अहं | ---------------- | लड़का | ---------------- |
| सजाना | ---------------- | सफ़ेद | ---------------- | गुरु | ---------------- |

**3. निम्नलिखित शब्दों को संज्ञा के भेद के अनुसार अलग कीजिए-**

राम, पुस्तक, दिल्ली, शहर, गृह, सजावट, कायरता, कृष्ण, आगरा, महिला, विवेकानंद, मनुष्य, हँसी, आलस्य

| <u>व्यक्तिवाचक संज्ञा</u> | <u>जातिवाचक संज्ञा</u> | <u>भाववाचक संज्ञा</u> |
|---|---|---|
| ------------------- | ------------------- | ------------------- |
| ------------------- | ------------------- | ------------------- |
| ------------------- | ------------------- | ------------------- |
| ------------------- | ------------------- | ------------------- |

**4. रेखांकित शब्दों के लिंग बदल कर वाक्य दोबारा लिखें :-**

(क) <u>छात्र</u> खिलौने लाएँ हैं । ---------------------------------

(ख) वह बहुत <u>गुणवान</u> है । ---------------------------------

(ग) <u>युवती</u> ने गाना गाया । ---------------------------------



LIVEWORKSHEETS

(घ) उनके देवर विदेश में हैं । ----------------------------------

(ङ) वह अभिनेता बनना चाहता है । ----------------------------------

(च) सम्राट ने सभा बुलाई । ----------------------------------

(छ) वीर जंगल में अकेले चला । ----------------------------------


(ज) वह तपस्वी चला गया है । ----------------------------------

(झ) पाठक ने पुस्तक मँगाई । ----------------------------------

**5. दिए गए शब्दों के वचन बदलें-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्र | ---------- | युवा | ---------- | शिक्षक | ---------- | कवि | ---------- |
| लेखक | ---------- | मज़दूर | ---------- | अध्यापक | ---------- | प्रजा | ---------- |
| किसान | ---------- | पक्षी | ---------- | विद्यार्थी | ---------- | वृद्ध | ---------- |
| मेज़ | ---------- | कुर्सी | ---------- | दवाई | ---------- | नेता | ---------- |

**6. दिए गए चित्र का वर्णन कीजिए । (लगभग 60 शब्दों में)**





LIVEWORKSHEETS